Proceedings of the IQAC Meeting

A meeting of the **Internal Quality Assurance Cell (IQAC)** of **Udai Pratap College** Varanasi was held on **01 September 2025** in the **UGC Cell**.

Members Present

1. **Prof. Dharmendra Kumar Singh – Chairperson**
2. **Prof. Manoj Prakash Tripathi – Coordinator, IQAC**
3. **Prof. Tumul Singh- Member**
4. **Prof. Devendra Kumar Singh- Member**
5. **Dr. Navin Kumar Jha- Member**
6. **Dr. Ashwini Kumar Nigam- Member**
7. **Sri Himanshu Shekhar Singh- Member**
8. **Miss Akansha Yadav( M.Sc. I sem topper)- Student member**

**Agenda 1**: Confirmation of the Minutes of the Previous IQAC Meeting held on 25.03.2025

**Decision:** Resolved that the minutes of the previous IQAC meeting were read, confirmed, and approved unanimously by the members present.

**Agenda 2:** Discussion on Applications Received for Faculty Promotion under CAS through SAMARTH Portal.

**Decision:** Resolved that faculty members seeking promotion under the Career Advancement Scheme (CAS) shall submit a hard copy of their complete application along with supporting documents to the IQAC before uploading the same on the SAMARTH portal. The IQAC shall forward the applications to the higher authority only after thorough verification and scrutiny of all documents.

**Agenda 3:** Discussion on Calculation of API Scores for Books and Book Chapters

**Decision:** Resolved that in cases where a faculty member has authored more than one chapter in the same book (same ISBN), API score shall be awarded for only one book chapter, as multiple chapters in the same publication for score enhancement violate publication ethics. Further, if a faculty member claims API scores both as editor and author of a chapter in the same edited book; only the API score for the editor shall be considered.

**Agenda 4:** Discussion on Mentor–Mentee System

**Decision:** Resolved that all departments shall **maintain a Mentor–Mentee Register** in a prescribed format. The register must be updated regularly and shall be produced before the IQAC whenever required.

**Conclusion**

There being no other matter to discuss, the meeting concluded with a **vote of thanks to the Chair**, acknowledging his guidance and support.

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
उदय प्रताप कालेज, वाराणसी
(स्वायत्तशासी संस्था)
नैक पुनर्मूल्यांकित 'A' ग्रेड

Internal Quality Assurance Cell
Udai Pratap College, Varanasi
(Autonomous Institution)
NAAC Re-accredited 'A' Grade

*College with Potential for Excellence, DST-FIST & DBT-Star College, B. Sc. (Hons.) Ag. Accredited with ICAR-NAEAB*
Mob: 9412677448 Fax- 0542-2282399, email: upciqac@gmail.com, Website: https://www.upcollege.ac.in

आई0क्यू0ए0सी0 के आन्तरिक सदस्यों की बैठक दिनांक 17.10.2025 की कार्यवाही का विवरणः

बैठक में उपस्थित सदस्यः

1. प्रो0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह — प्राचार्य
2. प्रो0 मनोज प्रकाश त्रिपाठी — संयोजक
3. प्रो0 तुमुल सिंह — सदस्य
4. प्रो0 देवेन्द्र कुमार सिंह — सदस्य
5. प्रो0 अभिषेक सिंह — सदस्य
6. डॉ0 नवीन कुमार झा — सदस्य
7. डॉ0 अश्वनी कुमार निगम — सदस्य

निर्णयः— बैठक में सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गएः—

1. महाविद्यालय के प्रत्येक संकाय में संकायाध्यक्ष के संयोजकत्व में संकाय गुंणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (Faculty Quality Assurance Cell- FQAC) का निम्नवत गठन किया गया।

1 प्रो0 सुबोध कुमार सिंह— संयोजक
प्रो0 गोरखनाथ
प्रो0 सुधीर कुमार राय
प्रो0 अन्जू सिंह
प्रो0 संजीव कुमार सिंह

2 प्रो0 राजीव कृष्ण सिंह— संयोजक
प्रो0 अरूण कुमार सिंह
प्रो0 मीरा सिंह

3 प्रो0 रमेश धर द्विवेदी— संयोजक
प्रो0 नीलिमा सिंह
प्रो0 रेनू सिंह
प्रो0 रश्मि सिंह
श्री कृष्ण कुमार भारती

4 प्रो0 नरेन्द्र प्रताप सिंह— संयोजक
प्रो0 प्रमोद कुमार सिंह
प्रो0 नागेन्द्र द्विवेदी
प्रो0 राघवेन्द्र सिंह रघुवंशी
श्री अभिषेक श्रीवास्तव

5 प्रो0 राघवेन्द्र प्रताप सिंह— संयोजक
प्रो0 आलोक कुमार सिंह
प्रो0 प्रज्ञा पारमिता
डॉ0 शिवबचन
डॉ0 पुष्पराज शिवहरे

2. संकाय गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (Faculty Quality Assurance Cell- FQAC) संकाय स्तर पर पठन पाठन, शोध कार्यों तथा शोध प्रकाशनों की गुणवत्ता हेतु समय– समय पर अपने सुझाव महाविद्यालय की IQAC को उपलब्ध करायेगी, जिससे NIRF में महाविद्यालय की रैकिंग तथा NAAC में महाविद्यालय की ग्रेडिग में सुधार किया जा सके।
3. समर्थ पोर्टल पर शिक्षकों के प्रोन्नति हेतु निम्नवत प्रकिया का का अनुसरण किया जायेगा –
   (i) असिस्टेन्ट प्रोफेसर (लेवल 10 से 11, लेवल 11 से 12) एवं एसोसिएट प्रोफेसर (लेवल 12 से 13ए) पद पर प्रोन्नति हेतु किसी शोध प्रकाशन की अनिवार्यता नहीं है। अतः उपरोक्त स्तर की प्रोन्नतियों हेतु शिक्षकों को अपना आवेदन समर्थ पोर्टल पर अपलोड करने के पूर्व अपने आवेदन पत्र की हार्डकापी (सभी संलग्नकों के साथ) आई0क्यू0ए0सी0 में जमा करनी होगी।
   (ii) किसी भी विभाग /संकाय से सम्बन्धित विषयों के शोध प्रकाशनों के गुणवत्ता की परख एवं विशेषज्ञता/दक्षता उस विभाग /संकाय से सम्बध्द शिक्षकों को ही प्राप्त रहती है अतः एसोसिएट प्रोफेसर (लेवल–13ए) से प्रोफेसर (लेवल–14) के पद पर प्रोन्नति हेतु शिक्षकों को अपना आवेदन समर्थ पोर्टल पर अपलोड करने के पूर्व अपनें आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं उसमें उल्लिखित एसेसमेन्ट पीरियड के एकेडमिक एण्ड रिसर्च एक्टिविटीज (शोध प्रकाशन/पुस्तक प्रकाशन/कान्फ्रेन्स/सेमिनार आदि) से सम्बन्धित संलग्नकों के साथ संकाय गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (Faculty Quality Assurance Cell- FQAC) को उपलब्ध कराना होगा। संकाय गुंणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ यू0जी0सी0 द्वारा जर्नल्स के सम्बन्ध में जारी गाइड लाइन के परिप्रेक्ष्य में एकेडमिक/रिसर्च स्कोर की गणना करेगी तथा अपनी स्पष्ट अनुशंसा तथा आवेदन की हार्डकापी ( संलग्नकों सहित) आई0क्यू0ए0सी0 को उपलब्ध करायेगी।
   (iii) शिक्षकों द्वारा संपादित पुस्तक तथा सम्पादित पुस्तकों में प्रकाशित एक या एक से अधिक पुस्तक अध्यायों, में से एक आई0एस0बी0एन0 पर या तो पुस्तक सम्पादन का या अधिकतम एक अध्याय का एकेडमिक/रिसर्च स्कोर दिया जायेगा।
   (iv) शिक्षकों द्वारा सेमिनार/कान्फ्रेन्स/ओरिएन्टेशन/रिफ्रेशर आदि से सम्बन्धित सर्टिफिकेट के साथ महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त अवकाश/कार्यमुक्ति से सम्बन्धित प्रपत्र भी समर्थ पोर्टल पर अपलोड करना होगा।
   (v) एस0सी0/एस0टी0/ओ0बी0सी0 वर्ग से सम्बन्धित शिक्षकों के प्रपत्रों के मूल्यांकन के समय प्रकोष्ठ के संयोजक द्वारा आवश्यकतानुसार एस0सी0/एस0टी0/ओ0बी0सी0 वर्ग के प्रतिनिधि को भी FQAC/IQAC में शामिल कर लिया जाय।
   (vi) जिस शिक्षक के प्रपत्र का मूल्यांकन किया जा रहा है यदि वह FQAC/IQAC का सदस्य है तब वह FQAC/IQAC के सदस्य के रूप में प्रपत्रों के मूल्यांकन प्रक्रिया में भाग नहीं लेगा।
4. आई0क्यू0ए0सी0 को समर्थ पोर्टल पर अभी तक जितने भी शिक्षकों ने प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति हेतु आवेदन किया है उन सभी के आवेदन पत्रों को वापस कर दिया जाय । ऐसे सभी शिक्षक अपना आवेदन पत्र पहले संकाय के FQAC संयोजक के पास जमा करेगे। जिस पर उपरोक्त वर्णित बिन्दुओं

के आधार पर FQAC निर्णय लेकर IQAC को सूचित करेगी। उसके पश्चात IQAC द्वारा अग्रिम निर्णय लिया जायेगा।

5. समर्थ पोर्टल पर असिस्टेन्ट/एसोसिएट प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति से सम्बन्धित प्राप्त आवेदन पत्रों को CAS प्रमोशन हेतु IQAC द्वारा अग्रिम कार्यवाई प्रारम्भ की जाय।
6. महाविद्यालय स्तर पर CAS प्रमोशन से सम्बन्धित कार्यवाही वर्ष में दो बार जून एवं दिसम्बर में सम्पादित की जायेगी।
7. स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट कार्य/लघु शोध कार्य का आवंटन, शीर्षक का निर्धारण एवं मूल्याकंन निम्नलिखित दिशा निर्देशों के अधीन होगा–
   (i) छात्रों को गाईड आवंटित करते समय इस बात का ध्यान रखा जाए विभाग के प्रत्येक अध्यापक को समान संख्या में छात्र आवंटित हों। शिक्षकों की वरिष्ठता क्रम के अनुसार ( वरिष्ठ अध्यापक से कनिष्ठ अध्यापक के क्रम में ) विद्यार्थियों को बढते हुए आई0डी0 संख्या के क्रम में एक–एक विद्यार्थी का आवंटन किया जाए तथा अगले शैक्षिक सत्र में इसी प्रकिया का पालन करते हुए शिक्षकों का क्रम ( कनिष्ठ अध्यापक से वरिष्ठ अध्यापक के क्रम में ) बदल कर छात्रों को गाईड आवंटित किए जाए। अग्रवर्ती वर्षो में यह प्रकिया चक्रानुक्रम में लागू रहेगी।
   (ii) प्रत्येक विभाग में विभागीय स्तर पर एक 3 सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा जो विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट कार्य/लघु शोध कार्य के शीर्षक का निर्धारण एवं कार्य पूर्ण होने के बाद मूल्याकंन हेतु उत्तरदायी होगी। इस समिति में विभागाध्यक्ष, एक वरिष्ठ अध्यापक तथा सम्बन्धित प्रोजेक्ट गाईड होंगे।
8. स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए परीक्षा सम्मिलित होने हेतु न्यूनतम उपस्थिति नियमों का पालन विभाग स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। विभागाध्यक्ष की अनुशंसा के आधार पर ही विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र आवटिंत किया जाएगा।

प्रो0 (मनोज प्रकाश त्रिपाठी)
संयोजक

प्रो0 (धर्मेन्द्र कुमार सिंह)
प्राचार्य